# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई.

(फोन : 022-2282 0427; फैक्स : 022-2282 0411; ई-मेल : **crpd@sbi.co.in**)

# भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियमित एवं संविदागत आधार पर भर्ती

## विज्ञापन संख्या : सीआरपीडी/एससीओ/2017-18/05

- ☞ **आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू होने की तारीख : 25/07/2017 से 10/08/2017 तक**
- ☞ **ऑनलाइन शुल्क का भुगतान : 25/07/2017 से 10/08/2017 तक**
- ☞ **ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट और अनुलग्नक प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 21/08/2017**

भारतीय स्टेट बैंक विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों के निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति करने हेतु भारतीय नागरिकों से ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट **https://www.sbi.co.in/careers/ongoing-recruitment.html** के माध्यम से ऑन-लाइन आवेदन करें।

**कृपया ध्यान दें कि**

1. इस परियोजना के अंतर्गत एक उम्मीदवार एक से ज्यादा पदों के लिए आवेदन कर सकता/सकती है बशर्ते कि वे पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों।
2. आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूर्ण होगी जब शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि को या उससे पूर्व ऑनलाइन के माध्यम से उसे बैंक में जमा करा दिया गया हो।
3. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को संबंधित पद हेतु पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। उम्मीदवार द्वारा साक्षात्कार हेतु रिपोर्ट करने पर उनकी उम्मीदवारिता विवरणों/दस्तावेजों के सत्यापन के अध्यधीन रहेगी।
4. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट **https://www.sbi.co.in/careers** या **https://bank.sbi/careers** देखें।

**रिक्त-पदों का ब्योरा : नियमित पद**

| क्रम संख्या | पद | रिक्त-पद | | | | 31.03.2017 को आयु | | 31.03.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 31.03.2017 को योग्यता के बाद संबंधित पूर्णकालिक अनुभव एवं कौशल (प्रशिक्षण एवं शिक्षण अनुभव को छोड़कर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | सामान्य | अपिव | पीडब्ल्यूडी (ओएच) | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| **नियमित पद** | | | | | | | | | |
| 1 | उप महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा) | 1 | 1 | - | - | 28 वर्ष | 45 वर्ष | सूचना सुरक्षा/ आईटी जोखिम प्रबंधन/ सूचना बीमा/ साइबर और डिजिटल चुनौती प्रबंधन के साथ अभियांत्रिकी स्नातक (बीई/ बीटेक) और निम्न में से कोई एक प्रमाणपत्र भी होना चाहिए :<br>■ प्रमाणित सूचना प्रणाली सुरक्षा व्यावसायिक (CISSP)<br>■ **प्रमाणित सूचना सुरक्षा प्रबंधक (CISM)**<br>■ प्रमाणित नीतिपरक हैकर (CEH)<br>■ प्रमाणित सूचना प्रणाली लेखापरीक्षक (CISA) | बी.एफ.एस.आई., आईटी और दूरसंचार उद्योग में सूचना सुरक्षा क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव जिसमें से न्यूनतम 5 वर्षों का साइबर सुरक्षा क्षेत्र का व्यापक अनुभव होना चाहिए।<br>**आवश्यक कौशल :**<br>● सूचना और आईटी सुरक्षा एवं विकास प्रभाग में विशेष रुचि<br>● डेटा में परिवर्तन प्रवाह जानने की क्षमता, विवरण पर ध्यान तथा विश्लेषणात्मक क्षमता<br>● सर्जनात्मकता और सहनशक्ति<br>● तर्क और वस्तुनिष्ठता<br>● जिज्ञासु वृत्ती (स्वभाव)<br>● सक्रिय दृष्टिकोण और निर्णयक्षमता<br>● सुव्यवस्थित और सुचारू दृष्टिकोणसे कार्य निर्वहन<br>● तनावग्रस्त स्थिति में काम करने की और काम को निर्धारित समय में पूरा करने की क्षमता<br>● अच्छी संचार कुशलता और विभिन्न लोगों के साथ प्रभावपूर्ण संवाद करने की क्षमता<br>● गोपनीय मामलों और उनसे संबंधित नियमों की जानकारी |
| 2 | सहायक महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा) | 1 | 1 | - | - | 26 वर्ष | 40 वर्ष | सूचना सुरक्षा/ आईटी जोखिम प्रबंधन/ सूचना बीमा/ साइबर और डिजिटल चुनौती प्रबंधन के साथ अभियांत्रिकी स्नातक (बीई/ बीटेक) और निम्न में से कोई एक प्रमाणपत्र भी होना चाहिए :<br>■ प्रमाणित सूचना प्रणाली सुरक्षा व्यावसायिक (CISSP)<br>■ **प्रमाणित सूचना सुरक्षा प्रबंधक (CISM)**<br>■ प्रमाणित नीतिपरक हैकर (CEH)<br>■ प्रमाणित सूचना प्रणाली लेखापरीक्षक (CISA) | बी.एफ.एस.आई., आईटी और दूरसंचार उद्योग में सूचना सुरक्षा क्षेत्र में न्यूनतम 8 वर्षों का अनुभव जिसमें से न्यूनतम 5 वर्षों का साइबर सुरक्षा क्षेत्र का व्यापक अनुभव होना चाहिए।<br>**आवश्यक कौशल :**<br>● सूचना और आईटी सुरक्षा एवं विकास प्रभाग में विशेष रूची<br>● डेटा में परिवर्तन प्रवाह जानने की क्षमता, विवरण पर ध्यान तथा विश्लेषणात्मक क्षमता<br>● सर्जनात्मकता और सहनशक्ति<br>● तर्क और वस्तुनिष्ठता<br>● विक्रेता प्रबंधन में कुशलता।<br>● जिज्ञासु वृत्ती (स्वभाव)<br>● सक्रिय दृष्टिकोण और निर्णयक्षमता<br>● सुव्यवस्थित और सुचारू दृष्टिकोणसे कार्य निर्वहन<br>● तनावग्रस्त स्थिति में काम करने की और काम को निर्धारित समय में पूरा करने की क्षमता<br>● अच्छी संचार कुशलता और विभिन्न लोगों के साथ प्रभावपूर्ण संवाद करने की क्षमता<br>● गोपनीय मामलों और उनसे संबंधित नियमों की जानकारी |

(अगले पृष्ठ पर देखिए....)

(...पिछले पृष्ठ से जारी)

| क्रम संख्या | पद | रिक्त-पद | | | | 01.07.2017 को आयु | | 01.07.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 01.07.2017 को योग्यता के बाद संबंधित पूर्णकालिक अनुभव एवं कौशल (प्रशिक्षण एवं शिक्षण अनुभव को छोड़कर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | सामान्य | अपिव | पीडब्ल्यूडी (ओएच) | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| **नियमित पद** | | | | | | | | | |
| 3 | उप प्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 5 | 4 | 1 | 1 | 27 वर्ष | 35 वर्ष | सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर विज्ञान/ कंप्यूटर ऐप्लिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रानिक्स और इन्स्ट्रुमेंटेशन में न्यूनतम 60% अंकों के साथ बी.ई./ बी.टेक<br>■ **सीआईएसए - अनिवार्य और सीईएच को वरीयता** | आईएस लेखापरीक्षा में विशिष्ट फर्म/ कारपोरेट में न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव. साइबर सुरक्षा, Ethical Hacking में अनुभवी को वरीयता<br>**आवश्यक कौशल :**<br>● नेसस, रेटिन, सेंट और काली लिनक्स जैसे वीएपीटी टूल्स का अनुभव |

## संविदागत पद

| क्रम संख्या | पद | रिक्त-पद | | | | 31.03.2017 को आयु | | 31.03.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं संविदा अवधि | 31.03.2017 को योग्यता के बाद संबंधित पूर्णकालिक अनुभव (प्रशिक्षण एवं शिक्षण अनुभव को छोड़कर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | सामान्य | अपिव | पीडब्ल्यूडी (ओएच) | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1 | उपाध्यक्ष ग्राहक विश्लेषण (परिसंपत्ति उत्पाद) | 1 | 1 | - | - | 26 वर्ष | 45 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से सांख्यिकी, गणित में स्नातकोत्तर डिग्री/ प्रतिष्ठित संस्थान से एमबीए (मार्केटिंग/ वित्त/ परिचालन) या एमसीए<br>**संविदा अवधि : 3 वर्ष और इसमें विस्तार करने का विकल्प बैंक के पास है।** | बीएफएसआई सेक्टर में विश्लेषक के रूप में काम करने का न्यूनतम 8 वर्षों का अनुभव<br>**आवश्यक कौशल :**<br>● तुलन-पत्र और लाभ-हानि विवरणों की गहरी समझ (जानकारी), और उत्पाद-लाभ संचालन<br>● उत्तम संगठनात्मक कौशल और टीम सीमाओं के साथ, भागीदारी बढ़ाना और सामंजस्य के साथ विशेष परियोजनाओं पर अमल करना<br>● उत्कृष्ट संवाद कुशलताएं<br>● लाभदायक परिसंपत्ति संविभाग के संदर्भ में समस्याओं को गठित करने की क्षमता<br>● कम्प्यूटर प्रणाली और डेटा के विशाल रूप को जल्द और प्रभावशाली रीति से समझना और उनके साथ काम करने की कुशलता की अपेक्षा है.<br>● विपणन संचार और ग्राहक व्यवहार को समझना |
| 2 | वरिष्ठ प्रबंधक (उत्पाद विशेषज्ञ) | 2 | 2 | - | - | 27 वर्ष | 35 वर्ष | प्रतिष्ठित संस्थान से एमबीए<br>**संविदा अवधि : 3 वर्ष. और इसमें 2 वर्ष का और विस्तार करने का विकल्प बैंक के पास है।** | किसी भी सरकारी क्षेत्र के बैंक/ विदेशी बैंक/ निजी बैंक का बैंकिंग लाइबिलिटी उत्पाद और तकनीकी से संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव.<br>**आवश्यक कौशल :**<br>● उम्मीदवार को आईटी सिस्टम और इन्फ्रास्ट्रक्चर का ज्ञान होना चाहिए. कुशल संवाद प्रवीणता को वरीयता |
| 3 | उपाध्यक्ष (शिकायत प्रबंधन) | 1 | 1 | - | - | 27 वर्ष | 35 वर्ष | प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय/ संस्थान से मार्केटिंग में एमबीए के साथ अभियांत्रिकी स्नातक<br>**संविदा अवधि : 3 वर्ष. और इसमें 2 वर्ष का और विस्तार करने का विकल्प बैंक के पास है।** | बडे कारपोरेट के सेवा उद्योगों के मार्केटिंग क्षेत्र, ग्राहकों की शिकायतों के निपटान संबंधी क्षेत्र में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव.<br>**आवश्यक कौशल :**<br>● नेतृत्व, संवाद प्रवीणता, समूह व्यवस्थापन, उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना और रुकावट रोकना, सहकार्य प्रवीणता और संगठन को गति देने का कौशल. |

| क्रम संख्या | पद | रिक्त-पद | | | | 01.07.2017 को आयु | | 01.07.2017 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं संविदा अवधि | 01.07.2017 को योग्यता के बाद संबंधित पूर्णकालिक अनुभव (प्रशिक्षण एवं शिक्षण अनुभव को छोड़कर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | सामान्य | अपिव | पीडब्ल्यूडी (ओएच) | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 4 | सहायक उपाध्यक्ष (आईएस ऑडिट) | 5 | 4 | 1 | 1 | 32 वर्ष | 45 वर्ष | सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर विज्ञान/ कंप्यूटर ऐप्लिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रानिक्स और इन्स्ट्रुमेंटेशन में न्यूनतम 60% अंकों के साथ बी.ई./ बी.टेक<br>■ सीआईएसए - अनिवार्य और सीईएच को वरीयता<br>**संविदा अवधि : 3 वर्ष. और इसमें 2 वर्ष का और विस्तार करने का विकल्प बैंक के पास है।** | विख्यात फर्म/ कॉरपोरेट में आईएस लेखापरीक्षा का न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव. साइबर सुरक्षा, Ethical Hacking में अनुभवी को वरीयता<br>**आवश्यक कौशल :**<br>● नेसस, रेटिन, सेंट और काली लिनक्स जैसे वीएपीटी टूल्स का अनुभव |
| 5 | वरिष्ठ प्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 5 | 4 | 1 | 1 | 28 वर्ष | 40 वर्ष | सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर विज्ञान/ कंप्यूटर ऐप्लिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रानिक्स और इन्स्ट्रुमेंटेशन में न्यूनतम 60% अंकों के साथ बी.ई./ बी.टेक<br>■ सीआईएसए - अनिवार्य और सीईएच वरीयता<br>**संविदा अवधि : 3 वर्ष. और इसमें 2 वर्ष का और विस्तार करने का विकल्प बैंक के पास है।** | विख्यात फर्म/ कॉरपोरेट में आईएस लेखापरीक्षा का न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव. साइबर सुरक्षा, Ethical Hacking में अनुभवी को वरीयता<br>**आवश्यक कौशल :**<br>● नेसस, रेटिन, सेंट और काली लिनक्स जैसे वीएपीटी टूल्स का अनुभव |

**संक्षिप्ताक्षर :**

**श्रेणी: अजा** – अनुसूचित जाति, **अजजा**–अनुसूचित जनजाति, **अपिव**–अन्य पिछड़े वर्ग, **पीडब्ल्यूडी**–अशक्त व्यक्ति, **ओएच**–अस्थि बाधित

| पद | कार्य, उत्तरदायित्व और प्रमुख कार्य-निष्पादन क्षेत्र | |
|---|---|---|
| उप महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा)<br>और<br>सहायक महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा) | **कार्य :** कोर साइबर सुरक्षा कार्यक्रम और साइबर सुरक्षा का कार्यनीतिक नियोजन<br>**उत्तरदायित्व :** बैंक की कोर सुरक्षा बुनियादी संरचना, सुरक्षा नियोजन और सुरक्षा प्रचालन का प्रबंध करना। साइबर सुरक्षा कार्यप्रणाली के अनुसार समय के साथ रहने के लिए नई साइबर सुरक्षा की रचना और कार्यान्वयन करना, साथ ही बैंक की साइबर सुरक्षा संरचना को तैयार करना और बैंक की प्रक्षिप्त जरूरतें पूरी करना, रेड टीम का अभ्यास, कसरतें देकर मार्गदर्शन और प्रबोधन करना.<br>**विशेष कार्यनिष्पादन क्षेत्र : आईटी सुरक्षा बुनियादी संरचना/सुरक्षा नियोजन का प्रबंध करना**<br>● बैंक के लिए समय समय पर साइबर सुरक्षा कार्यक्रम बनाना और उसे अद्यतन करना<br>● बैंक की प्रणाली/ नेटवर्क के लिए विश्लेषण करना और सुरक्षा जरूरते स्थापित करना<br>● अनधिकृत पहूँच, बदलीकरण और/ या विध्वंस के विरोध से प्रणाली सुरक्षा करना<br>● घटना प्रबंधन<br>● पहूँच विशेषाधिकार की व्याख्या करना, संरचना और स्रोत नियंत्रित करना<br>● असुरक्षितता जाँच, जोखिम विश्लेषण और सुरक्षा निर्धारण करना<br>● असामान्य को पहचानना और अतिक्रमण की रिपोर्ट करना | बैंक द्वारा समय समय पर सौंपे गए अन्य कार्य |

(अगले पृष्ठ पर देखिए....)

(...पिछले पृष्ठ से जारी)

| | | |
|---|---|---|
| **उप महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा)**<br>**और**<br>**सहायक महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा)** | • नेमी सुरक्षा प्रशासन की देखरेख और निगरानी करना<br>• व्यवसाय निरंतरता और आपदा सुधार, प्रोटोकॉल तैयार करना और अद्यतन करना<br>• सुरक्षा जानकारी, प्रोटोकाल और कार्यप्रणाली के लिए सहयोगी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना<br>• प्रचालन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा लेखा परीक्षा की रूपरेखा तैयार करना और उसका संचालन करना<br>• सुरक्षा घटना को तुरंत (तत्काल) जवाब देना, उपायों का प्रबंध करना और घटना-पश्चात विश्लेषण प्रस्तुत करना<br>• अनुसंधान के साथ सुरक्षा स्तर बढ़ाने का प्रस्ताव रखना<br>• सहयोगियों को तकनीकी सलाह देना<br>• निरीक्षण के साथ सुरक्ष प्रचालन केंद्र का प्रबंध करना<br>• बाहरी/विनियामक एजेंसियों से समन्वय करना<br>**वेंडर प्रबंधन :**<br>• बैंक के भागीदारों के साथ संबंध बनाए रखना जो विभिन्न आईटी सुरक्षा ऐप्लिकेशनों के लिए सहायता उपलब्ध कराते हैं<br>• इन भागीदारों का कार्यनिष्पादन और डिलिवरी मानकों के लिए मानीटरिंग मेकेनिजम का स्तर बढ़ाना<br>• वेंडरों के साथ संविदा संबंधी चर्चा के माध्यम से किमत और डिलिवरी के बारे में प्रबंध करना<br>• अनेक विभाग और अनेक वेंडर स्थिति में कार्य करना<br>**अनुपालन :**<br>• अभिशासन के साथ-साथ विनियामक अनुपालन हेतु उचित मानकों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना<br>• आईटी सुरक्षा प्रबंधन और सूचना सुरक्षा एण्ड साइबर सुरक्षा नीति और साथ ही विनियामक आदेशों के प्रति जवाबदार होना<br>**सुविज्ञता प्रदान करना**<br>• बैंक की साइबर सुरक्षा जरूरतों/कार्यक्रम के लिए सभी प्रकार से उद्योग सुविज्ञता प्रदान करना<br>• बैंक के लिए परिपक्वता और प्रयोजनीयता निर्धारित करने के लिए विस्तृत सीमा वाली अद्यतन प्रौद्योगिकी का पता लगाना<br>• वर्तमान और भविष्य के लिए सुरक्षा मानकों की योजना बनाना<br>• बैंक की लाभदायक आईटी सुरक्षा की न्यूनतम श्रेणी विकसित करना<br>• बैंक की विद्यमान जरूरतों को ध्यान में रखकर किफायती लागत की कीमत लगाकर सुरक्षा संबंध में प्रौद्योगिकी अपनाएं और उसकी प्रयोजनीयता का अनुमान लगाना<br>• डिजिटल फोरेन्सिक का प्रबंध करना | बैंक द्वारा समय समय पर सौंपे गए अन्य कार्य |
| **उप प्रबंधक (आईएस ऑडिट)**<br>**और**<br>**सहायक उपाध्यक्ष (आईएस ऑडिट)**<br>**और**<br>**वरिष्ठ प्रबंधक (आईएस ऑडिट)** | • सुस्थापित आईएस रूपरेखा के कार्यान्वयन की पर्याप्तता और प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए लेखा-परीक्षा करना<br>• आईएस लेखापरीक्षा उद्देश्यों के अनुसार सुरक्षा नियंत्रण और दस्तावेज प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक सुधार की सलाह देना (यानी कंट्रोल मैट्रिसेस, फ्लोचार्ट, अभिलेख जांच)<br>• वार्षिक लेखा परीक्षा योजना निष्पादित करने, नियंत्रण का मूल्यांकन करने और लेखा परीक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए लेखा-परीक्षा कार्यविधि तैयार करना<br>• संगठनात्मक सुरक्षा नीतियां और सरकारी विनियामकों के अनुपालन की जांच करना<br>• सूचना सुरक्षा विभाग (ISD) के समन्वय से विभिन्न वित्तीय संस्थानों, नॉन-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों और भारतीय वित्तीय विनियामक समूह से रिपोर्टस् का विश्लेषण और अभ्यास करना<br>• वरिष्ठों को प्रस्तुत करने के लिए रिपोर्ट बनाने हेतु विश्लेषण के साथ लेखा परीक्षा परिणाम समझाना और लेखा-परीक्षा कार्यविधियों को पूरा करने के लिए सांख्यिकी नमूने निष्पादित करना<br>• निर्धारित और आवश्यक प्रक्रिया का अनुपालन निश्चित करने हेतु जांच और नियमित कार्य-निष्पादन करना<br>• प्रबंधन की प्रतिक्रिया का पर्याप्त समय पर मूल्यांकन करना और महत्त्वपूर्ण लेखा-परीक्षा में की गई सिफारिशों पर की गई सुधारात्मक कार्रवाई का समय से मूल्यांकन करना<br>• निर्धारित आईएस जोखिम कम करने के लिए उचित सलाह प्रस्तुत करना<br>• आईएसडी के सम्नवय से आईएस जागृति मुहिम चलाना और प्रमुख हितधारकों को आईएस प्रशिक्षण देना<br>• आंतरिक प्रबंधन और बाहरी आईटी लेखा परीक्षकों के लिए संपर्क के रूप में कार्य करना<br>• सूचना सुरक्षा की रूपरेखा तैयार करने में श्रेष्ठ प्रथाओं को शामिल करने हेतु सूचना सुरक्षा कार्य के लिए परामर्श देना<br>• विशेष लेखा-परीक्षा परियोजनाओं के लिए प्रोजेक्ट लीडर के रूप में कार्य करना और प्रबंधन को सलाहकारी एवं परामर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना | बैंक द्वारा समय समय पर सौंपे गए अन्य कार्य |
| **उपाध्यक्ष ग्राहक विश्लेषण (परिसंपत्ति उत्पाद)** | • ग्राहक पात्रता मानदंड के आधार पर विद्यमान देयता एवं आस्ति ग्राहकों को बैंक के ऋण उत्पादों प्रस्तावित करते हुए क्रॉस सेलिंग प्रोग्राम तैयार एवं निष्पादित करना, विद्यमान ऋण एवं संप्रेषण नीतियों को लागू करना सुनिश्चित करना<br>• संपूर्ण ऋण उत्पाद संविभाग में लाभप्रदता संचालकों को समझना और आस्ति गुणवत्ता में गिरावट लाए बिना आस्ति बही से राजस्व बढ़ाने के लिए कार्यनीति तैयार करना<br>• जोखिम और संपूर्ण संबंध मूल्य के आधार पर ऋण उत्पादों के लिए कीमत निर्धारण कार्यनीति तैयार एवं कार्यान्वित करना जिससे विद्यमान ग्राहकों से अधिकतम आय प्राप्त हो सके<br>• आस्ति उत्पादों से शुल्क आय की वसूली करना और उस पर निगरानी रखना<br>• बैंक के लिए आस्तियों पर इष्टतम जोखिम समायोजित प्रतिफल के लिए पूँजी और मानव संसाधन विनियोजन की कार्यनीति तैयार करना<br>• खण्ड, उत्पाद और संविभाग वार ऋण संविभाग की स्थिति पर निगरानी रखने संबंधी रिपोर्टों की रूपरेखा बनाना और उन्हें तैयार करना तथा प्रारंभिक सीमा स्तर से अधिक होने पर अलर्ट संदेश तैयार करना<br>• मर्चेण्ट स्तर एमडीआर और शुल्क कीमत-निर्धारण निर्णयों को सूचित करते हुए मर्चेण्ट अधिग्रहण व्यवसाय में सहायता करना जिससे ग्राहक के संबंध से बैंक की आय को बढ़ाया जा सके<br>• आस्ती क्रास सेल संचालित करना और इस पर निगरानी रखना तथा कुल ऋण कारोबार की लाभप्रदत्ता को प्रभावित किए बिना प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण देना<br>• संपूर्ण संविभाग के लिए और संविभाग के अंदर उत्पादों के लिए संतुलित जोखिम एवं प्रतिफल हेतु अधिकतम एवं न्यूनतम नीतिगत प्रणाली तैयार करना<br>• बैंक के विभिन्न समूहों से प्राप्त अनुरोध जिसमें व्यवसाय जरूरतें समझना, विश्लेषण टीम का परामर्श, अग्रक्रम लगाना और समस्या सुलझाने के लिए सौपा गया कार्य शामिल हो उसकी डिलिवरी गुणवत्ता के प्रति कोई समझौता किये बिना विश्लेषण का प्रबंध करना<br>• व्यवसाय निष्पादन या परियोजना प्रगति से संबंधित मामले और मुद्दों के बारे में वरिष्ठ प्रबंधन के सभी स्तरों पर समय से और प्रभावी संप्रेषण सुनिश्चित करना<br>• विश्लेषक टीम केआरए की उपलब्धि के लिए पहल संचालन करना<br>• विश्लेषण विभाग में कार्य करने वाले टीम को नेतृत्व तथा परामर्श देना | बैंक द्वारा समय समय पर सौंपे गए अन्य कार्य |
| **वरिष्ठ प्रबंधक (उत्पाद विशेषज्ञ)** | • कॉरपोरेट, सरकार, अर्ध-सरकारी निकाय आदि के लिए चालू खाता उत्पाद, डिजाइन तैयार करना<br>• ग्राहकों के लिए विद्यमान चालू खाता उत्पादों को ग्राहकों के अनुकूल तैयार करना<br>• बाजार में जरूरी वर्तमान चालू खाता उत्पादों का विश्लेषण करना<br>• प्रतिस्पर्धियों द्वारा प्रस्तावित किए जा रहे चालू खाता उत्पाद सॉल्यूशनों से संबंधित सूचना प्राप्त करना और बैंक के विद्यमान सॉल्यूशनों को तदनुसार तैयार करना<br>• नई पहलों की सहायता के लिए साफ्टवेयर तैयार करने हेतु जीआईटीसी में आईटी टीम के साथ समन्वय करना | बैंक द्वारा समय समय पर सौंपे गए अन्य कार्य |
| **सहायक उपाध्यक्ष (शिकायतें प्रबंध)** | • श्रेष्ठ प्रथाओं और ग्राहक संबंध की शुरुआत करना<br>• ग्राहक संबंधी सभी शिकायतों के संबंध में जांच पड़ताल, समाधान और रिपोर्टिंग के लिए जवाबदार रहना<br>• ग्राहक अनुभव सेवा प्रदान करने का हिस्सा समझकर लाई गई नई पहलों को सकारात्मकता से प्रतिसाद देना<br>• व्यवसाय के दौरान प्रबंधन के सभी स्तरों पर संपर्क रखना<br>• बैंक के सीआरएम के कार्यान्वयन में सहायता एवं सहभागिता करना<br>• फीड बैक या शिकायत प्रबंधन पोर्टल को विकसित/में सुधार करना<br>• नियंत्रकों द्वारा सौपे गए अन्य कार्य स्वीकारना | बैंक द्वारा समय समय पर सौंपे गए अन्य कार्य |

(अगले पृष्ठ पर देखिए....)

(...पिछले पृष्ठ से जारी)

**1. पात्रता मानदण्ड :**

उपर्निर्दिष्ट पदों के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है. क) पीडब्ल्यूडी (ओएच) उम्मीदवार विकलांगता जो 40% से कम नहीं, से पीडित है और जो आरक्षण का लाभ चाहते हैं उन्हें केंद्र या राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड से आवेदन का पंजीयन करने की अंतिम तिथि के पूर्व या उस तिथि को विकलांग प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. ख) अपिव और पीडब्ल्यूडी (ओएच) उम्मीदवारों को उपरी आयु सीमा सरकारी निर्देशों के अनुसार होगी.

**2. परिलब्धियाँ : नियमित पदों के लिए :**

**क) उप महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा) :** वेतनमानः 68680-1960/ 4-76520

**ख) सहायक महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा) :** वेतनमानः 59170-1650/ 2-62470-1800/ 2-66070

**ग) उप प्रबंधक (आईएस लेखापरीक्षा) :** वेतनमानः 31705-1145/ 1-32850-1310/ 10-45950

अधिकारी तदनुरुपी ग्रेड के लिए यथा स्वीकार्य डीए, एचआरए, सीसीए, पीएफ, अंशदायी पेंशन फंड और अनुलाभों के लिए पात्र होंगे. समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार प्रति वर्ष कुल परिलब्धियाँ लगभग ₹40.20 लाख उप महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा), ₹ 26.18 लाख सहायक महाप्रबंधक (साइबर सुरक्षा) और ₹15.09 लाख उप प्रबंधक (आईएस लेखापरीक्षा) के लिए होगी।

**संविदात्मक पद :** परिलब्धियाँ पैकेज (सीटीसी) में स्थायी और परिवर्तनशील घटक शामिल होंगें लेकिन उपयुक्त उम्मीदवार के लिए सीमितकारी घटक नहीं होंगे।

**3. परिवीक्षा (प्रोबेशन):** बैंक के निर्देशानुसार/ सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित।

**4. चयन प्रक्रिया :**

**नियमित और संविदात्मक पदों की चयन प्रक्रिया :**

पद के लिए चयन शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार द्वारा होगा।

उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संबंधित दस्तावेजों (पहचान प्रमाण, जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाणपत्र, चालू माह की वेतन पर्ची, फॉर्म 16/आईटीआर(2016-17) और संक्षिप्त रिज्यूम के साथ-साथ विधिवत हस्ताक्षरित और चिपकाई गई अपनी हाल की फोटो के साथ आवेदन-पत्र की कंप्यूटर से तैयार मूल प्रति निम्नलिखित पते पर भेजें :

**महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, कॉरपोरेट केंद्र, केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, अटलांटा बिल्डिंग, तीसरी मंज़िल, प्लॉट क्र.209, वीबीआर, ब्लॉक क्र.III, नरीमन पॉइन्ट, मुंबई - 400 021**

यदि हमें ऑन-लाइन आवेदन समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनांक **21.08.2017** तक प्राप्त नहीं होते हैं, तो ऐसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारिता शॉर्टलिस्टींग एवं साक्षात्कार हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन भेजने वाले लिफाफे पर पद का नाम............................................ लिखें।

हार्ड कापी के अतिरिक्त रिज्यूम की साफ्ट कॉपी **"crpd@sbi.co.in"** पर प्रेषित करें

**साक्षात्कार** : बैंक द्वारा यथा निर्धारित पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार के लिए पात्रता अंकों का निर्धारण बैंक द्वारा किया जाएगा।

**मेरिट लिस्ट :** क) चयन के लिए मेरिट लिस्ट केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी। ख) यदि एक से अधिक उम्मीदवारों के अंक चयन सूची और प्रतीक्षा सूची दोनों में बराबर रहते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को उनकी आयु के अवरोही क्रम से वरीयता दिया जाएगा।

**5. नियुक्ति का स्थान :** उम्मीदवारों को मुंबई/ नवी मुंबई में नियुक्त किए जाने की संभावना है। बैंक की आवश्यकतानुसार किसी भी अन्य स्थान पर नियुक्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

**6. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय)**

| सं.क्र. | श्रेणी | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1. | अजा/ अजजा/ पीडब्ल्यूडी | ₹100/- (सूचना प्रभार मात्र) |
| 2. | सामान्य तथा ओबीसी | ₹ 600/- (सूचना प्रभार सहित आवेदन शुल्क) |

**7. आवेदन कैसे करें :** विस्तृत दिशा-निर्देश/ कार्यविधि :

(क) आवेदन पंजीकरण (ख) शुल्क का भुगतान (ग) फोटो और हस्ताक्षर स्कैन तथा अपलोड करना

बैंक की वेबसाइट **https://www.sbi.co.in/careers/ongoing-recruitment.html** देखें।

**8. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई :** उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/ संलग्न न करें जो असत्य, जाली/ बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ।

**9. सामान्य जानकारी :**

(i) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए।

(ii) सरकारी/ अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा भत्ता, यदि कोई हो, जो अन्यथा स्वीकार्य है, उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

(iii) चयन होने पर नियुक्ति के समय उम्मीदवारों को नियोक्ता से उचित कार्य-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(iv) अपिव श्रेणी में आरक्षण मांगने वाले अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित प्रारूप में एक घोषणा प्रस्तुत करनी होगी जिसमें लिखा होगा कि वह 01.04.2017 को क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है. साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर उम्मीदवार को 01.04.2017 से साक्षात्कार तिथि तक की अवधि के दौरान जारी किया गया अपिव श्रेणी का प्रमाणपत्र, जिसमें नान-क्रीमी लेयर क्लॉज शामिल हो, प्रस्तुत करना होगा.

(v) उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम तिथि तक इंतजार न करें जिससे कि इंटरनेट पर भारी बोझ या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में डिस्कनेक्शन/ असमर्थता/ विफलता की संभावना से बचा जा सके।

(vi) भारतीय स्टेट बैंक उपरोक्त कारणों से या अन्य दूसरे कारणों से, जो उसके नियंत्रण से परे हैं, उम्मीदवार द्वारा अंतिम तिथि के अंदर अपने आवेदन प्रस्तुत/ सबमिट नहीं कर पाने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

(vii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सूचनाएं, अर्थात कॉल लेटर/ साक्षात्कार सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल आईडी को सक्रिय रखें।

(viii) चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उन्हें चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ घोषित करने के अध्यधीन रहेगी।

(ix) इस विज्ञापन तथा/ अथवा इसके जवाब में प्राप्त हुए किसी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरू की जा सकती है और केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/ अधिकरणों/ मंचों को ही ऐसे दावों/ विवादों का निपटान करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार रहेगा।

**10. दावा-त्याग :**

**(I) भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलने पर कि यह उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है और/या उसने कोई भी गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या कोई भी तथ्य दबाया/दबाएं हैं, तो उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी। अगर ये कमियां नियुक्ति के बाद भी पता चलती हैं, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।**

**(ii) पात्रता, परीक्षा के संचालन, अन्य परीक्षणों और चयन के संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बैंक द्वारा कोई भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**11. घोषणाएं**

**इस प्रक्रिया से संबंधित आगे की सभी घोषणाएं/जानकारियाँ समय-समय पर केवल एसबीआई अधिकृत वेबसाइट https://www.sbi.co.in/carees या https://bank.sbi/careers पर प्रकाशित/उपलब्ध कराई जाएगी।**

**किसी भी तरह की सिफारिश अयोग्यता मानी जाएगी.**

**मुंबई**
**दिनांक : 25.07.2017**

महाप्रबंधक
(केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग)

**यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट http://www.statebankofindia.com या http://www.sbi.co.in पर भी उपलब्ध है।**
**प्रिंटिंग त्रुटि यदि कोई हो, के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है।**